महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय,बरेली
सांस्कृतिक समिति

Dr. Jyoti Pandey
Coordinator
Ref: RU/ CC /2022

दिनांक- 08.10.2022

आज दिनांक 8 अक्टूबर, 2022 को सांस्कृतिक समिति, महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय, बरेली की बैठक समिति कक्ष, शिक्षा विभाग में सांस्कृतिक समिति के सदस्यों के साथ हुई। बैठक के अध्यक्षता डॉ. ज्योति पाण्डेय(समन्वयक , सांस्कृतिक समिति) द्वारा की गयी। सभी सदस्यों के स्वागत के बाद बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुयी एवं निम्न निर्णय लिए गए-

१- विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों को सांस्कृतिक समिति संबंधी कार्यों में जोड़ने एवं सहयोग करने हेतु प्रत्येक विभाग में सांस्कृतिक प्रभारी (cultural Incharge) नियुक्त किये जाए तथा उनके माध्यम से विभागों में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन संपन्न करवाया जाए।

२- इसके साथ ही विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों को सांस्कृतिक समिति से जोड़ने के लिए भी प्रस्ताव पारित किया गया। इस संबंध में प्रत्येक महाविद्यालय से भी सांस्कृतिक प्रभारी (cultural Incharge) का नाम जोड़ने का प्रस्ताव सदस्यों द्वारा दिया गया।

३- उपरोक्त कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए विश्वविद्यालय के डोमेन पर ई मेल आईडी बनवा कर तदानुरूप कार्य किया जाएगा।

४- सांस्कृतिक समिति के कार्यालय की स्थापना का प्रस्ताव भी सदस्यों द्वारा दिया गया।

इस बैठक में डॉ. छवि शर्मा, डॉ रामबाबू सिंह, डॉ. इन्द्रप्रीत कौर एवं श्री विमल कुमार उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत बैठक का समापन हुआ।

JPandey
08/10/22